# खास-खबरें

## वीरेंद्र राय की पुण्यतिथि पर वृद्धजनों को कराया भोजन, दी श्रद्धांजलि



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, बरेली:** स्वर्गीय वीरेंद्र राय की पुण्यतिथि पर उनके परिजनों और मित्रों ने मानव सेवा का संदेश देते हुए समाजसेवी संस्था टीम पहल में निवासरत निराश्रित एवं वृद्धजनों को भोजन प्रसादी कराई। इस अवसर पर सभी ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान परिजनों ने वृद्धजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और आशीर्वाद प्राप्त किया। शाम को अमित राय एडवोकेट अपने साथियों के साथ संस्था पहुंचे और उन्होंने भी वृद्धजनों को भोजन वितरित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विजय राजौरे, भीकम राय, संजू शर्मा, हरीश सोनी, देवेंद्र राय, प्रवीण भावसार एडवोकेट, पारस राय, लक्ष्य राय सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने वीरेंद्र राय के सरल, मिलनसार और सेवाभावी व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही किसी दिवंगत व्यक्ति के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के अंत में उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई।

## बस स्टैंड मोबाइल लूट के दो आरोपी गिरफ्तार



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदा:** भैरूंदा पुलिस ने बस स्टैंड पर हुई मोबाइल लूट की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित करीब 90 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 30 जुलाई को बड़नगर निवासी धरम सिंह बारेला का मोबाइल बस स्टैंड से लूट लिया गया था। शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने मुखबिर की सूचना पर अरसद उर्फ मूवीन (26) और आहद (26) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से करीब 20 हजार रुपये का सैमसंग मोबाइल और 70 हजार रुपये कीमत की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त की गई। कार्रवाई में उपनिरीक्षक कौशलेन्द्र सिंह सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कलेक्टर ने जिला गंगा समिति की बैठक में नदी संरक्षण कार्यों की समीक्षा की



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा :** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें नदी संरक्षण एवं संरक्षण हेतु नवीन कार्य योजना पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक में वनमंडलाधिकारी हेमंत यादव सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे। जिले की 10 प्रमुख नदियों (बेतवा, पाराशरी आदि) का मानचित्रण कार्य पूर्ण करना एवं प्रवाह क्षेत्र (गंदे नाले, किनारों का कटाव, अवरुद्ध धारा, अवैध निर्माण) का भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना। नदी किनारे 100 मीटर के दायरे में अतिक्रमण चिन्हित कर विधिसम्मत कार्यवाही करना एवं अतिक्रमण की सटीक स्थिति स्पष्ट करने हेतु संयुक्त रूप से ड्रोन सर्वेक्षण कराना। नदी में मिलने वाले रासायनिक प्रदूषकों की पहचान कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करना एवं डिस्टिलरीञ्चअन्य उद्योगों द्वारा किए जा रहे प्रदूषण तथा प्राकृतिक ड्रेनेज अवरुद्ध करने पर कार्यवाही करना।

## रायसेन में पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, राजस्व सेवाएं प्रभावित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन:** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर जिले के करीब 500 पटवारी सोमवार से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय परिसर में धरना शुरू होने से नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित कई राजस्व सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष गोविंद सिंह ने बताया कि संगठन लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान के लिए शासन स्तर पर प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री से मुलाकात और आश्वासन के बावजूद अब तक न तो महाधिवेशन की तिथि घोषित हुई है और न ही मांगों पर कोई ठोस निर्णय लिया गया, जिससे पटवारियों में नाराजगी है। हड़ताल के चलते खरीफ सीजन में फसल गिरदावरी का ऑनलाइन सर्वे और सत्यापन कार्य भी प्रभावित रहेगा। संघ ने आशंका जताई है कि बाढ़, अतिवृष्टि या अन्य प्राकृतिक आपदा की स्थिति में फसल नुकसान का सर्वे और राहत संबंधी प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है।

### हाईकोर्ट के निर्देश 60 दिन में करें समस्या का निराकरण

# सीनियर सिटीजन फोरम समिति ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पं. दीनदयाल नगर, कृष्णा नगर, संतोष नगर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, दीनदयाल बस्ती सहित आसपास के क्षेत्रों के रहवासियों एवं वरिष्ठ नागरिकों की ओर से सीनियर सिटीजन फोरम समिति द्वारा क्षेत्र की गंभीर आवागमन संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश, पीठ जबलपुर द्वारा 03 जुलाई 2026 को पारित आदेश के आलोक में रहवासियों को अपनी समस्याओं एवं सुधारात्मक उपायों के संबंध में सक्षम अधिकारी के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता दी गई है। साथ ही जिला कलेक्टर को लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री के साथ विचार-विमर्श कर 60 दिनों के भीतर तर्कसंगत एवं स्पष्ट आदेश पारित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सर्विस रोड की कनेक्टिविटी पूर्ण करने की मांग: ज्ञापन में बताया गया कि ब्रिज के एक तरफ सर्विस रोड को अंतिम छोर पर ब्लॉक किए जाने से हजारों रहवासियों को कॉलोनी से मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए आंतरिक रास्तों एवं खतरनाक मोड़ों से होकर लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और स्कूल बसों के आवागमन में भी परेशानी हो रही है।

अधिकारियों से स्थल निरीक्षण की मांग: सीनियर सिटीजन फोरम समिति एवं क्षेत्रवासियों ने मांग की कि लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा मौके का निष्पक्ष निरीक्षण कराया जाए, ताकि ब्रिज शुरू होने के बाद क्षेत्रवासियों के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन के लिए तकनीकी रूप से उचित एवं स्थायी समाधान निकाला जा सके। समिति ने जिला प्रशासन से न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप 60 दिनों की समय-सीमा में समस्या का निराकरण करने, सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने, दोनों तरफ सर्विस रोड की कनेक्टिविटी पूर्ण करने तथा आपातकालीन वाहनों के सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से सीनियर सिटीजन फोरम समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कॉलोनी वासी उपस्थित थे।

## एमपीपीएटी-2026 में नवांकुर विद्यापीठ के आठ विद्यार्थियों का चयन

**गंजबासौदा।** एमपीपीएटी-2026 परीक्षा में नवांकुर विद्यापीठ के आठ विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। चयनित विद्यार्थियों को प्रदेश के विभिन्न कृषि एवं उद्यानिकी महाविद्यालयों में प्रवेश मिला है। विद्यालय के अनुसार हर्ष दांगी (320वीं रैंक), तभूमि रघुवंशी (354वीं), एकता रघुवंशी (522वीं), प्रथमेश भाटे (647वीं), स्मिता रघुवंशी (741वीं), तनु रघुवंशी (986वीं), प्रियांशी दुबे (1022वीं) तथा सारिका राजपूत (1476वीं रैंक) ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इनमें अधिकांश विद्यार्थियों का चयन गंजबासौदा कृषि महाविद्यालय में हुआ है, जबकि कुछ का चयन ग्वालियर कृषि महाविद्यालय और रेहली हॉर्टिकल्चर कॉलेज में हुआ है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि प्रियांशी दुबे और सारिका राजपूत ने एक वर्ष का गैप लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की, जबकि अन्य छह विद्यार्थियों ने इसी वर्ष नवांकुर विद्यापीठ से हायर सेकेंडरी परीक्षा पास की थी। विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय विद्यालय के कृषि विभाग प्रभारी एवं क्रॉप प्रोडक्शन तथा एनिमल हसबेंड्री के व्याख्याता दीपक शर्मा के मार्गदर्शन को दिया गया।

## कानून की जानकारी और जागरूकता से ही सुरक्षित रहेगा समाज: न्यायाधीश साक्षी





**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा:** सेंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में न्यायाधीश श्रीमती साक्षी प्रसाद ने विद्यार्थियों को कानून, संविधान और साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी जानकारी होना आवश्यक है और किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आकर गलत कार्य नहीं करना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की सलाह देते हुए कहा कि बिना लाइसेंस दोपहिया वाहन चलाना और हेलमेट का उपयोग नहीं करना कानून का उल्लंघन है। वहीं चार पहिया वाहन चलाने के लिए पंजीयन, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे आवश्यक दस्तावेज साथ रखना अनिवार्य है।

साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों का उल्लेख करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने या लालच में आने से बैंक खाते से रकम निकल सकती है। ऐसी स्थिति में तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना देने से नुकसान की भरपाई की संभावना बढ़ जाती है।

कार्यक्रम में अधिवक्ता सुनील राजपूत ने नि:शुल्क कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी दी। संस्था संचालिका सुधा यादव और प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अंत में अतिथियों का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अभय तिवारी ने किया।

## शिक्षकों की लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग, सौंपा ज्ञापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** प्रांतीय शिक्षक संघ परिवार, जिला सीहोर के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा जिले के शिक्षकों की लंबे समय से लंबित विभिन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि राज्य शिक्षा केंद्र निर्देशानुसार बी.ए.सी. एवं जनशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति संबंधी काउंसलिंग के स्पष्ट दिशा-निर्देश एवं आदेशानुसार आज दिनांक जारी जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय के पत्र में विभाग द्वारा पूर्ण रिक्त पद नहीं बताए गए हैं, जिससे जिले के शिक्षकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। अत: स्पष्ट आदेश जारी कर नियमानुसार प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया संपन्न कराई जाए।

वर्ष 2014 में नियुक्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों की 12 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर क्रमोन्नति (समयमान वेतनमान) के आदेश तत्काल जारी किए जाएँ।

संघ ने वर्ष 2021 भर्ती के शिक्षकों के लंबित एरियर का तत्काल भुगतान करने तथा जुलाई माह से देय नियमित क्क.ढ्ढ.ष्ट. (वार्षिक वेतनवृद्धि) का लाभ प्रदान करने की भी मांग की।

## मन का मंथन किए बिना नहीं मिलता अमृत: पं. भार्गव

**गंजबासौदा।** श्री राम-जानकी मंदिर, खेड़ापति गौधाम में आयोजित 27 दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव के 84 अवतार चरित्र वर्णन महोत्सव के छठे दिन शिव कथा वाचक पं. धर्मेंद्र भार्गव ने भगवान शिव के यक्षेश्वर अवतार का महत्व बताते हुए कहा कि सच्ची शिवभक्ति तभी सार्थक होती है, जब मनुष्य अपने भीतर के विकारों का मंथन करे। उन्होंने समुद्र मंथन प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि अमृत प्राप्ति के बाद देवताओं में उत्पन्न अहंकार को दूर करने के लिए भगवान शिव ने यक्षेश्वर अवतार धारण किया। अग्निदेव और वायुदेव भी अपनी शक्ति सिद्ध नहीं कर सके, तब उन्हें एहसास हुआ कि समस्त शक्ति और विजय का आधार भगवान शिव की कृपा है। पं. भार्गव ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य का मन ही वास्तविक समुद्र है, जिसमें काम, क्रोध, लोभ और मोह जैसे विकारों के साथ प्रेम, भक्ति, ज्ञान और करुणा रूपी अमृत भी विद्यमान है।

## कलेक्टर ने सांदीपनि विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित प्राचार्य पर कार्रवाई के निर्देश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर:** कलेक्टर ऋजु बाफना ने मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय सांदीपनि विद्यालय का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक और मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य के अनुपस्थित मिलने पर उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही अनुपस्थित अन्य शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनकी एक-एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई तथा शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को भविष्य के प्रति सजग रहने और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने की सलाह दी। कलेक्टर ने शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया।

कलेक्टर ने विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए तैयार किए गए मध्यान्ह भोजन का स्वयं स्वाद लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच की और भोजन की गुणवत्ता तथा स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी कक्षाओं के लिए नियमित समय-सारिणी लागू करने, संगीत एवं नृत्य की कक्षाएं संचालित करने, गृहकार्य की नियमित जांच कराने, सभी विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने तथा फर्नीचर सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्यालय के शौचालयों, पेयजल यूनिट और परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई की स्थिति पर नाराजगी जताई। परिसर और शौचालयों की समुचित सफाई नहीं मिलने पर आउटसोर्स सफाई एजेंसी पर अर्थदंड लगाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को सप्ताह में तीन दिन सांदीपनि विद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने के लिए कहा।

# मिड-डे मील में लापरवाही की जांच के निर्देश, चार दिन में मांगी रिपोर्ट



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवास:** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने मंगलवार को समय-सीमा संबंधी बैठक में मिड-डे मील योजना में लापरवाही की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच दल गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीम पूरे मामले की जांच कर चार दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि मिड-डे मील जैसी महत्वपूर्ण योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी।

बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन, सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी और समय-सीमा (टीएल) के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को नागरिकों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित रहने पर उन्होंने जिम्मेदार अधिकारी डॉ. संतोष कोतकर की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान सीमांकन संबंधी शिकायत के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर सोनकच्छ तहसीलदार नेहा शाह को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा ग्राम कुमारिया राव की पटवारी प्रियंका राजोरिया को निलंबित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि 50 दिन से अधिक लंबित शिकायतों का विशेष अभियान चलाकर निराकरण किया जाए।

बैठक में 7 अगस्त से शुरू होने वाले मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बताया कि अभियान का शुभारंभ सोनकच्छ क्षेत्र के ग्राम गंधर्वपुरी से होगा और यह 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। उन्होंने सभी विभागों को शिविरों की तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

## चेतना सेवा समिति फिर शुरू करेगी निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

**गंजबासौदा।** चेतना सेवा समिति की बैठक अध्यक्ष कंछेदी लाल जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कोविड लॉकडाउन के दौरान बंद हुई निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं को पुन: प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।

समिति ने बताया कि 10 अगस्त से प्रत्येक सोमवार से शनिवार सुबह 8:30 बजे से 10 बजे तक देशना आभूषण भंडार के पास, पाराशरी नदी स्थित पुराने परिसर में स्वास्थ्य सेवाएं संचालित की जाएंगी। यहां शहर के वरिष्ठ चिकित्सक निशुल्क परामर्श देंगे तथा जरूरतमंद मरीजों को समिति की ओर से नि:शुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

बैठक में समिति के सचिव डॉ. आर.सी. शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. विमल चंद ओसवाल, सदस्य हरिबाबू अग्रवाल, सत्यपाल तनवानी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने नागरिकों से इस सेवा का लाभ उठाने की अपील की।

## राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस पर आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती मनाई



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा:** स्थानीय राजमाता विजयराजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रसायन विज्ञान के जनक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई।

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रोफेसर नीता दीक्षित ने किया तथा संचालन अरुणा शर्मा ने किया।

मुख्य वक्ता डॉ. विजय चक्रवर्ती ने आचार्य प्रफुल्लचंद्र राय के जीवन, व्यक्तित्व एवं भारतीय रसायन विज्ञान तथा स्वदेशी रासायनिक उद्योग के विकास में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि आचार्य राय ने भारतीय विज्ञान को वैश्विक पहचान दिलाने के साथ-साथ स्वदेशी उद्योगों को आत्मनिर्भरता की दिशा में नई प्रेरणा प्रदान की। राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस के अवसर पर छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

# जनसुनवाई में कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने सुनी 152 आवेदकों की समस्याएं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौर:** जिले में मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन एवं संयुक्त कलेक्टर प्रीति संघवी द्वारा 152 आवेदकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश जारी किए गए।

कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए।

ग्राम बोलिया निवासी देवकन्या बाई ने कृषि भूमि के रास्ते के संबंध में आवेदन प्रस्तुति किया। जिस पर एसडीएम सितामऊ को वेकल्पिक व्येवस्थां हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ऐरा निवासी राजेश ने अवैध अतिक्रमण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर एसडीएम सीतामऊ को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। पिपलियारतन निवासी कलाबाई ने पट्टे की भूमि को राजस्वर रिकार्ड में दर्ज करने के संबंध में आवेदन दिया।

# वन स्टॉप सेंटर की पहल से विधवा महिला को मिला संपत्ति में अधिकार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा:** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न जनसुनवाई में एक पीड़ित विधवा महिला ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वह अपने दो बच्चों (7 एवं 9 वर्ष) के साथ विदिशा ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती है। पति की मृत्यु के बाद ससुराल पक्ष ने उसे और उसके बच्चों को घर से अलग कर दिया था तथा ना तो भरण-पोषण की कोई व्यवस्था की गई और ना ही पति की संपत्ति में अधिकार दिया गया।

महिला ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर हो चुकी है कि बच्चों की स्कूल फीस जमा करना भी संभव नहीं हो पा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर महिला को तत्काल सहायता एवं संरक्षण के लिए वन स्टॉप सेंटर भेजा गया।

वन स्टॉप सेंटर में प्रकरण दर्ज कर ससुराल पक्ष को बुलाया गया तथा दोनों पक्षों की संयुक्त काउंसलिंग एवं परामर्श किया गया। निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी कि बच्चों की स्कूल फीस तत्काल जमा कराई जाएगी, उनके भरण-पोषण के लिए नियमित मासिक राशि दी जाएगी तथा बच्चों को उनके दिवंगत पिता की संपत्ति में वैधानिक अधिकार भी प्रदान किया जाएगा।

वर्तमान में दोनों बच्चों को उनके पिता की भूमि में बराबरी का अधिकार मिल चुका है। महिला को बच्चों के पालन-पोषण हेतु आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई है।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने बासौदा तहसील के हिरनोदा गांव निवासी शंकर सिंह अहिरवार की लंबे समय से लंबित कृषि भूमि की भू-अधिकार (ऋण) पुस्तिका मौके पर ही तैयार कराकर उनकी समस्या का मौके पर समाधान कराया।

विदिशा नगर के दुर्गा नगर हाजी बली तालाब क्षेत्र में निवासरत यशोदा नरवरिया और रचना नरवरिया ने अपनी मां की मृत्यु उपरांत उनके बैंक खाते में जमा एफडी की एक लाख रु. और बचत खाते की पांच हजार रुपये की राशि दिलाए जाने का आवेदन दिया। चूंकि नॉमिनेशन किसी के नाम पर न होने के चलते खाते में जमा राशि प्राप्त नहीं हो रही है इस संबंध में कलेक्टर ने लीड बैंक ऑफिसर को निर्देश दिए और उत्तराधिकारी नामा बनवाकर बैंक में जमा राशि मृतक के वारिसानो को दिलाए जाने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार ग्राम गुरारिया हवेली निवासी रमेश किरार ने स्वयं के बैंक खाते से हॉल्ड लग जाने की समस्या से अवगत कराया इस समस्या के निराकरण के लिए भी संबंधित बैंक को निर्देश दिए गए हैं कि नियमानुसार कार्यवाही कर आवेदक के बैंक खाते से हॉल्ड हटाया जाए। सिरोंज तहसील के ग्राम घोसुवाताल निवासी कैलाश नारायण शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना तहत पट्टा दिलाने संबंधी आवेदन दिया।